# निवेश सम्मेलन चेन्नई व हैदराबाद में

- ट्राइडेंट ग्रुप नोएडा में बनाएगा जीसीसी
- काम बहुत हुआ लेकिन अभी लंबा रास्ता तय करना है

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** वैश्विक क्षमता केंद्र निर्माण क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने के लिए अब बंगलुरू, चेन्नई व हैदराबाद में निवेश सम्मेलन होंगे। इसके बाद यह मुहिम विदेशों में होगी। जहां प्रमुख शहरों में इस तरह के रोडशो होंगे। यह निर्णय मंगलवार को यहां हुए जीसीसी सम्मेलन में लिया गया। इसमें ट्राइडेंट ग्रुप के बोर्ड सदस्य निर्मलजीत सिंह कालसी ने नोएडा में जीसीसी स्थापित करने की योजना का ऐलान किया।



लखनऊ में मंगलवार को हुए जीसीसी सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य सचिव

इस मौके पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पहले यूपी निवेशकों के लिए दूसरा विकल्प होता था, अब हमारी कोशिश है कि यह पहला विकल्प बने। क्योंकि यूपी में निवेश के लिए पूरा इको सिस्टम बदल दिया गय गया है। पर अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा कि केवल नीतियों से निवेश नहीं आता। निवेशक नीति के अलावा भी बहुत कुछ देखता है। मैं तो मानता हूं कि पॉलिसी का न होना ज्यादा बेहतर होता है। इसीलिए हमने पॉलिसी कस्टमाइज्ड बनाई है। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने कहा कि 'विकसित भारत' बिना 'विकसित राज्य' के संभव नहीं है। उन्होंने यूपी के व्यापक बुनियादी ढांचे, कारोबार की सुगमता की चर्चा की।